## खबर संक्षेप

### मोहगांव में सिविल डिफेंस वोलेंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**मण्डला।** उत्कृष्ट स्कूल मोहगांव में जन अभियान परिषद के 61 सिविल डिफेंस वोलेंटियरों को प्रशिक्षण दिया गया। भारत सरकार, राज्य शासन द्वारा प्रसारित आदेशों एवं महानिदेशक होमगाड्र्स तथा कंट्रोलर सिविल डिफेंस द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन में रविवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र चलाया गया। जिसमें वोलेंटियर को हवाई हमले के दौरान बचाव कार्य, रेड एवं ग्रीन सायरन की जानकारी, ब्लैकाउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, नागरिक सुरक्षा की 12 महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी, घायलों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की विधि,आग की जानकारी एवं प्रथमोपचार, रक्त बहाव को रोकना आदि का प्रशिक्षण प्लाटून कमाण्डर हेमराज परस्ते के सहयोगी एसडीईआरएफ/होमगार्ड टीम द्वारा दिया गया। उपस्थित सीडी वोलेंटियर्स को अधिक से अधिक नए वालेंटियर्स जोड़ने हेतु समझाइश दी गई।

### सीईओ जिला पंचायत ने डोंगर मंडला में घाट निर्माण का निरीक्षण किया



**मण्डला।** विकासखंड घुघरी के भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट ने ग्राम पंचायत डोंगर मंडला में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे घाट निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि निर्माण कार्यों में उपयोग में लाई जा रही सामग्रियों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। निरीक्षण के दौरान को जनपद पंचायत घुघरी गायत्री प्रसाद सारथी सहित संबंधित उपस्थित थे।

### निर्माणाधीन हालत में ही सीवर लाईन की गुणवत्ता की खुली पोल

# ये कैसा निर्माण जो खत्म होने का नाम नहीं ले रहा

मण्डला। नर्मदा संरक्षण को लेकर लगातार नर्मदा भक्त आवाज उठाते रहे हैं माँ नर्मदा जिन्होंने इस नगर को तीन ओर से अपना भरपूर आर्शीवाद प्रदान किया है और हम नगरवासी अपने घरों की पूरी गंदगी इस आर्शीवाद के बदले माँ नर्मदा को दे रहे हैं। इस कृत्य की पीड़ा हर नर्मदावासी रोजाना महसूस करता है और लगातार शासन-प्रशासन से इन गंदे नालों के पानी की व्यवस्था करने अनुरोध करता रहा है शासन द्वारा लगातार इसके लिये निर्माण एवं तकनीक की बात की जाती रही है लेकिन हकीकत में कुछ हुआ नहीं।







जब से सीवर लाईन निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ तो नगरवासियों को यही बताया गया कि अब इन नालों की गंदगी सीधे नर्मदा में प्रवाहित नहीं होगी बल्कि यह गंदा पानी स्वच्छ होकर ही नर्मदा में मिलेगा लेकिन जिस तरह से सीवर लाईन का निर्माण कार्य हो रहा है या हुआ है उसे देखकर तो यही लग रहा है कि यह भी एक स्वप्न ही साबित होगा।

पिछले कई सालों से जारी सीवर निर्माण का काम यूं तो सीवर लाइन प्रोजेक्ट शहर के दूषित नालों के पानी को नर्मदा नदी में मिलने से रोकने के लिए कराया जा रहा है लेकिन पिछले कई सालों से जिस गुणवत्ताहीन तरीके से काम हो रहा है उससे जहां इस निर्माण निर्माण में करोड़ों रूपये खर्च होने के उद्देश्यों पर सवाल खड़े हो रहे है लगातार शहरवासियों के लिए परेशानी का सबब और दुर्घटनाओं का कारण भी बना हुआ है। आज भी शहर की अधिकांश सड़कें सीवर लाईन खुदाई के बाद क्षतिग्रस्त हालत में छोड़ दी गई है।

एक बार फिर कुछ ही दिनों में वर्षाकाल शुरू होने वाला है। वहीं दूसरी ओर जगह-जगह सीवर लाईन के निर्माण कार्य के दौरान ही क्षतिग्रस्त हो चुकी चेंबर दुर्घटनाओं का कारण बन कारण बन सकते है दरअसल सीवर लाईन दिसम्बर 2024 में सीवर लाईन ठेका कम्पनी को द्वारा कार्यों में लगातार निर्माण कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है जिसको चलते वार्डवासी चोटिल हो रहे है। साथ ही आज दिनांक तक जिम्मेदारों को जिसको लेकर व्यापारियों व वार्डवासियों ने सराफा मुख्य मार्ग के शीघ्र निर्माण हेतु एवं सीवर के कार्यों में अनियमितता से अवगत करवाने हेतु कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था।

मध्यप्रदेश की पीएचई विभाग की कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उईके ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान सीवर कम्पनी मप्र अर्बन डेवलमेंट के डिप्टी प्रोजेक्ट अभय कुमार जैन, प्रोजेक्ट मैनेजर सतीश वर्मा भी मौजूद रहे। प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार ने सीवर लाईन कंपनी में कार्यरत ठेकेदारों को निर्देशित किया था कि जिन वार्डो में सड़क क्षतिग्रस्त दिखाई दे रही है उन्हें पूर्ण तरीके से सही करें। जो आज भी पूरी तरह नहीं किया गया है।

निर्माण में जो चेंबर बनाए गए हैं उसकी गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है आलम यह है कि अधिकांश चेंबर लगने के कुछ ही दिनों में आते-जाते वाहनों के कारण क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई जगह तो क्षतिग्रस्त चेंबर पूरी तरह अलग होकर यहां गड्ढ़ा बन गया है जिसे समय रहते बदला नहीं गया है. बारिश के समय जब शहर की सड़क जगह-जगह जलमग्न हो जाती हैं ऐसे में ये खुले चेंबर या क्षतिग्रस्त चेंबर किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। कहरोड़ों की लागत से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य होने से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी अनुसार 33 करोड़ की लागत से बनने वाला सीवरेज लाईन अब लोगों के जी का जंजाल बन चुका है। मंडला मुख्यालय में करीब एक साल से सीवरेज लाईन का कार्य कराया जा रहा है. लगातार सड़कों के खोदने से लोगो को मुसीबत हो रही है, जिससे अब नगरवासियों के लिए विकास का यह कार्य भी जी का जंजाल बन गया है।



## सीईओ जिला पंचायत ने देखा राम्हेपुर में निर्माणाधीन पीएम जनमन आवास

**मण्डला।** सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने शनिवार को घुघरी विकासखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत राम्हेपुर में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत बनाये जा रहे आवास पर पहुँचकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास का निर्माण निर्धारित समय-सीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरा हो। उन्होंने लाभार्थियों से भी बातचीत की और उनसे आवास निर्माण में आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर जनपद पंचायत घुघरी गायत्री प्रसाद सारथी सहित संबंधित उपस्थित थे।

### बारिश से पहले पूर्ण करें ग्रेवल सड़क का निर्माण - सीईओ जिला पंचायत

**मण्डला।** घुघरी क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट ने लोधा में ग्रेवल सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बारिश से पहले सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करें। इस अवसर पर जनपद पंचायत घुघरी गायत्री प्रसाद सारथी सहित संबंधित उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने शनिवार को ग्राम पंचायत राम्हेपुर में निर्माणाधीन बहुद्देशीय केंद्र का निरीक्षण करते हुए प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने गुणवत्ता मानकों के अनुसार निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत घुघरी गायत्री प्रसाद सारथी सहित संबंधित उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट ने विकासखंड घुघरी के ग्राम पंचायत डोंगर मंडला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे विभिन्न जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने निर्माणाधीन खेत तालाब, डग वेल रिचार्ज और कूप मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समन्वय बनाकर कार्य करें और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत घुघरी गायत्री प्रसाद सारथी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## सेना के शौर्य को समर्पित सम्मान यात्रा अब 22 मई को निकलेगी

**मण्डला।** भारतीय सेना द्वारा हाल ही में सम्पन्न किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में मंडला की महिला समन्वय समिति द्वारा आयोजित शौर्य सम्मान यात्रा की तिथि में परिवर्तन किया गया है। यह यात्रा अब 22 मई 2025, गुरुवार को निकाली जाएगी। यह यात्रा सेना के पराक्रम और मातृशक्ति की रक्षा हेतु किए गए अदम्य साहस को समर्पित होगी। इसका शुभारंभ शाम 5 बजे सरस्वती शिशु मंदिर, लालीपुर से होगा तथा यह नगर भ्रमण करते हुए पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर जाकर सम्पन्न होगी। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया। यह कार्रवाई पहलगाम हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें सेना ने राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा करते हुए अभूतपूर्व शौर्य का प्रदर्शन किया। इस यात्रा को लेकर महिला समन्वय समिति ने कहा है कि सेना की दो मातृशक्तियों के अदम्य शौर्य को नमन करते हुए, जिले की समस्त मातृशक्तियों से आग्रह है कि वे इस सम्मान यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर नारी शक्ति और राष्ट्र सेवा के इस संगम का हिस्सा बनें। समिति ने जिले के समस्त नागरिकों, विशेषकर महिलाओं से बड़ी संख्या में सहभागी बनने की अपील की है। यह यात्रा न केवल भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, बल्कि समाज में राष्ट्रीय एकजुटता और महिला सशक्तिकरण का संदेश देने वाली ऐतिहासिक पहल भी होगी।

## सांसद के जन्म दिन पर एसोसिएशन ने एक हज़ार कॉपी पेन भेंट किये

### दूरस्थ क्षेत्र के स्कूली बच्चों को होगा पेन कापियों का वितरण

**मण्डला।** रविवार को मंडला क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के जन्म दिन अवसर पर ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन मप्र के पदाधिकारियों ने उनके निवास स्थान पर उपस्थित होकर उन्हें जन्म दिन की बधाई दी। इस अवसर पर एसोसिएशन ने अपनी परम्परा का निर्वहन करते हुए सांसद का एक हज़ार कॉपी और पेन से उनका अभिनंदन किया। सांसद के द्वारा सभी कपियों और पेनों को दूरस्थ क्षेत्र कापा के आस पास से शिक्षकों को सौंपा गया ताकि वे क्षेत्र के जरूरत मंद बच्चों को वितरित कर सकें। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कॉपी पेन भेंट किए जाने की सराहना करते हुए इसे एसोसिएशन की सार्थक और उपयोगी पहल बताया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डी के सिंगौर, जिला अध्यक्ष दिलीप मरावी सहित उमेश यादव, प्रकाश सिंगौर , मूलचंद कुंजाम, हरिलाल वरकड़े, निगम दास मोगरे, लाल सिंह तेकाम, संजय वरकड़े, फागूलाल चक्रवर्ती, मनीराम मरावी, प्रकाश मरावी, दुर्गेश नंदिनी कुलस्ते, आदि उपस्थित थे।



### सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# विश्व संग्रहालय दिवस पर विद्यार्थियों ने किया पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण

### विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**मण्डला।** रविवार को विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर शासकीय पुरातत्व संग्रहालय का विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। संग्रहालय का अवलोकन कराते हुए संग्रहालय में रखे पुरातत्व अवशेषों के विषय में जानकारी दी गई। शैक्षणिक भ्रमण के इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट ने उपस्थित विद्यार्थियों, नागरिकों तथा पुरात्व संघ के सदस्यों को अवगत कराते हुए कहा कि हर व्यक्ति पुराने इतिहास को पहचान कर नए समाज की रचना करता है। उन्होंने संग्रहालय दिवस पर पुरानी विरासतों को संरक्षित करने का आह्वान किया। इंटेक संस्था की ओर से चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इस अवसर पर आदर्श बाल ग्रह के छात्रों को भी पुरातत्व संग्रहालय एवं प्रदर्शनी दिखाई गई। सैकड़ों वर्ष पुरानी मुद्राओं की प्रदर्शनी बालमुकुंद चौकसे पुरातत्व सदस्य के द्वारा लगाई गई थी। कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला एवं पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर तथा रानी दुर्गावती महाविद्यालय के छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुरातत्व अधिकारी श्रीमती हेमंतिका शुक्ला के द्वारा मूर्तियों के महत्व को समझाया गया। इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी श्री कपिल तिवारी, इंटेक संस्था के कन्वेयर श्री अरुण अग्रवाल, पुरातत्व संघ के समिति सदस्य श्री एनके यादव, विजय अग्रवाल, शक्ति पटेल, आशीष अग्रवाल, श्रीमती सुलोचना मरावी, बिंदु धुर्वे, मनीष चंद्रोल सहित पुरातत्व विभाग की कर्मचारी उपस्थित थे।





# शिकायत पर नहीं शिकायतकर्ताओं पर दबाव

### विभागीय अधिकारी शिकायत वापिस लेने बना रहे दबाव





**मण्डला।** सीएम हेल्पलाईन की शिकायत को लेकर लगातार जिला प्रशासन जिले के विभागीय अधिकारियों को यह निर्देशित करता रहा है कि प्राथमिकता के साथ इन शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण किया जाये लेकिन कलेक्टर मण्डला के निर्देश का पालन कुछ इस तरह से हो रहा है जिसमें शिकायतकर्ता पर ही शिकायत वापिस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर नहीं बल्कि उसकी वापिसी को लेकर गंभीरता दिखाई जा रही है विशेष रूप से राजस्व विभाग एवं विद्युत मण्डल में यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है इस विभाग के अधिकारी निचले स्तर के कर्मचारियों के माध्यम से शिकायकर्ताओं पर दबाव बना रहे हैं राजस्व विभाग के पटवारी जा-जाकर शिकायतकर्ताओं से शिकायत वापिस लेने की बात करते हैं पिछले 4-6 वर्षो से लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही न कर सिर्फ शिकायत वापिस लेने के लिये कहा जाना क्या न्याय संगत है इसी तरह विद्युत विभाग के अधिकारी लाईनमेन के माध्यम से उपभोक्ताओं को धमकाने का काम कर रहे हैं कि यदि शिकायत वापिस नहीं ली तो न तो उनके साथ किसी तरह का समझौता होगा बल्कि विद्युत कनेक्शन भी काट दिया जायेगा इस तरह की धमकी दी जा रही है जिससे कलेक्टर के निर्देशों का ही उल्लंघन इन विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## पुरानी बुराई के चलते एक राय होकर की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के जगदीश वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर के सामने खड़ा था उसी समय सचिन व विकास दोनो आये और किसी पुरानी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपियों द्वारा एक राय होकर मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## छोटे बच्चों के झगड़े ने करा दी बड़ों की लड़ाई

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के शहीद भगत सिंह वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि उसके पांच साल की बेटी तथा पास में ही रहने वाले राकेश की बेटी खेलते खेलते किसी बात को लेकर एक दूसरे से झगड़ रही थी। उसी दौरान राकेश कहार ने आकर प्रार्थी की मासूम बेटी को गंदी गंदी गालिया देने लगा। इस बात से जब प्रार्थी ने कहा कि बच्चों की बात को लेकर इस तरह गंदी गंदी गालिया क्यों दे रहे हो..। इसी के चलते राकेश कहार तथा उसकी पत्नी द्वारा प्रार्थी के साथ लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलि ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## डंपर की टक्कर से पहुंची चोट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शिवाजी वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि जब वह बीते हुये दिवस सालीचौका अपनी प्राईवेट कंपनी में काम करने के लिये मोटर साईकिल क्रमांक MP49MM7381 से जा रहा था उसी दौरान सोयाबीन प्लांट के पास सामने से आ रहे एक डम्फर के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपने डम्फर को चलाते हुये टक्कर मारकर मौके से भाग गया। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी डम्फर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है तथा आरोपी चालक की खोजबीन की जा रही है।

## भाई ने दूसरे भाई के साथ पत्थर से मारपीट कर चोटे पहुंचाई

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर ही निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी भाई पर मारपीट कर आरोप लगाते हुये बताया है कि मैं जब पुरानी चौकी के पास बने हुये शंकर जी के चबूतरा में सो रहा था कि तभी मेरा छोटा भाई संजय नौरिया वहां आया और मुझसे बोला कि तुमने घर में रखा गेहूँ बेचा है तब मैनें कहां कि मैनें गेहूँ नही बेचा है। इसी बात को लेकर संजय नौरिया द्वारा प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर जमीन पर गिरा दिया तथा पत्थर से मारपीट कर चोटे पहुंचाई इसके बाद पाव पकड़कर जमीन पर घसीटे जाने के कारण प्रार्थी का शरीर अनेक जगहों पर छिलने के चलते पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी भाई के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## मोबाईल तोड़कर क्षति पहुंचाते हुये की मारपीट

**गाडरवारा।** बीते हुये दिवस नगर के शक्ति चौक निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने दोस्त के साथ किसी काम से जमाडा रोड जा रहा था। उसी दौरान वहां पर अभिषेक पाठक, करण शर्मा व राजा सोनी एवं श्रेयांश कौरव मिले। किसी बात को लेकर राजा सोनी तथा श्रेयांश कौरव गंदी गंदी गालिया देने लगे। प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपियों द्वारा प्रार्थी का मोबाईल फोन जमीन पर पटकते हुये तोड़कर क्षति पहुंचाई एवं मारपीट कर चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई।

### क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के मंत्री रहे मौजूद

# सैनिकों के सम्मान में शहर के मुख्य मार्गो से निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**देश के वीर सैनिक जवानों ने दुनिया को बता दिया भारत माता की ओर तिरछी नजर करने वालों का क्या हाल होता है-मंत्री सिंह**






**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि हम अपने शहर व गांवों में जिस तरह निश्चित होकर मौज कर रहे है तो उसके पीछे देश के उन वीर जवानों की ही देन है जो अपने परिवार को छोड़कर वार्डर पर तेज तपन हो या फिर ठंड का मौसम 24 घंटे सुरक्षा के लिये तैनात रहते है। वही दूसरी ओर भारत देश ही नही बल्कि दुनिया को भेट भरने वाले अन्नदाता किसान भी है जो खेतों में रात दिन एक करते हुये अनाज पैदा करते हुये लोगों का पेट भर रहे है। इसी लिये सबसे पहले जय जवान, जय किसान का नारा दिया जाजा है। वही दूसरी ओर बीते हुये दिनों हमारे पडौसी दुश्मन देश द्वारा जिस तरह पहलगाम में हरकत करते हुये 26 लोगों को मौत के घाट उतारा गया था जिसके चलते हर भारत वासी का खून खौलने से नही चूक रहा था, जिन बहिनों के मांथें का सिन्दूर आतंकियों ने मिटाया गया था इसका बदला हमारे देश के वीर जवानों ने आपरेशन सिन्दूर के माध्यम से लेने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश की शान कहे जाने वाले सैनिकों के सम्मान में राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच ने क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षामंत्री उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकालते हुये देश के वीर जवानों को सम्मानित किया गया है। मात्र चंद दिनों के अंदर ही देश के वीर जवानों द्वारा दुश्मन देश पाकिस्तान को घुटनों पर लाने के लिये मजबूर किया गया है उसके चलते जहां हर भारतवासी को इन वीर जवानों पर नाज होने से नही चूक रहा है। इतना ही नही ऑपरेशन सिन्दूर में हमारे देश की नारी शक्ति ने जिस तरह अपनी बहिनों सिन्दूर का बदला किया गया है उसके चलते हर भारतवासी को देश के वीर जवानों सहित महिला शक्ति के योगदान पर सहास पर गर्व होने से नही चूक रहा है। भारत देश की सेना के साहस पराक्रम से सैनिकों के सम्मान में पूरे देश की जनता सेना के साथ खड़ी है। इसी भाव से बीते हुये शनिवार को स्थानीय पुरानी गल्ला मंडी से सभी समुदाय के लोग अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए शहर के मुख्य मार्गो से तिरंगा यात्रा लेकर निकले। यह तिरंगा यात्रा नगर की पुरानी गल्ला मंडी से शुरू होकर शहर के हृदय स्थल झंडाचौक से निकलते हुये पुरानी चौकी, चावड़ी मार्ग से निकलते हुये महावीर भवन होकर पानी की टंकी अटल कॉम्प्लेक्स पहुंची जहां पर बड़े ही सम्मान के साथ इस तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। इस तरह नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा का जगह जगह लोगों द्वारा पुष्प की वर्षा करते हुये सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का सम्मान किया गया। इतना ही नही इस तिरंगा यात्रा में मातृशक्ति ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वही समाजसेवी, व्यापारी, धार्मिक, राजनैतिक संगठनो ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता निभाई ओर सामाजिक एकता का परिचय दिया । इस दौरान स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता हमारे वीर सैनिकों की वीरता का परिचय है जो आज उनके सम्मान में पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। देश के वीर सैनिकों ने चंद दिनों के अंदर ही दुश्मन देश को बता दिया गया है कि यदि हमारे मातृभूमि व देशवासियों की तरफ तिरछी आंख करके देखने का प्रयास किया गया तो हम उसे सबक सिखाने में पीछे नही है। क्योंकि देश की शक्ति का पराक्रम देखते ही दुश्मन देश चंद दिनों में घुटने टेकने के लिये मजबूर हो गया और दूसरे



देशों के सामने रहम की भीख मांगते हुये गिड़गिडाते हुये नजर आने से नही चूका। यदि युद्व विराम की घोषणा नही होती तो चंद चंद घंटो के अंदर ही हमारे वीर जवान दुष्मन देश को नक्शे से समाप्त कर चुके होते। वैसे भी देखा जावे तो अभी ऑप़रेशन सिन्दूर समाप्त नही हुआ है सिर्फ विराम लगा है। वही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा गया कि यदि पडौसी देश से आतंक जैसी किसी भी छोटी से छोटी घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया तो हमारे वीर सैनिक जवान जबाव देने में देर नही करेगे उन्हें खुली छूट प्रदान की गई है। इस तरह गाडरवारा में निकली गई तिरंगा यात्रा में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर देश के वीर सैनिकों का सम्मान किया है। थल, वायु और नौसेना के वीर सैनिकों ने अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। इससे पूरा देश गौरवान्वित हुआ है। पहलगाम में हुए दुखद हादसे के बाद वीर सपूतों ने जिस तरीके से हमारी बहन बेटियों की रक्षा के लिए पूरे पराक्रम के साथ दुश्मन देश पाकिस्तान यानि उनकी धरती पर घुसकर उनके सीने पर वार करते हुये भारत का झंडा फहराया गया है उसके चलते हर भारत वासी का सीना गौरव से फूल गया है और यह देशवासियों के लिए गौरव की बात है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री ने राष्ट्र हित में साहस के साथ सेना को जो छूट दी, आज पूरा देश सेना के सम्मान में सेना के पीछे खड़ा हुआ है। वही पहलगाम घटना के बाद जिस तरह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कहा गया था कि अब आतंकियों को पालने वालों को इस प्रकार की सजा दी जावेगी कि उन्होंने कल्पना तक नही की गई होगी। यह बात हमारे देश के वीर जवानों ने उनकी धरती पर घुसकर जिस तरह जमीन के अंदर दफन किया गया है उसके चलते दुश्मन देश के साथ पूरी दुनियाँ ने भारत के वीर जवानों के पराक्रम को देश लिया गया है। अब हमारा पडौसी दुश्मन देश के साथ साथ दुनियाँ का कोई भी देश हमारी भारत माता व हमारे तिरंगा की ओर तिरछी आंख करते हुये देखने का सहास करने की हिम्मत नही जुटा पायेगा। इस तरह नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक साधना स्थापक, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, भारतीय युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन, चीचली जनपद के पूर्व अध्यक्ष मुकेश मरैया, चीचली भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, भाजपा महिला मोर्चा से पूजा तिवारी, बसंती पालीवाल अशोक भार्गव, बाबू लाल जाटव सहित नगर भाजपा मंडल के अनेक लोग शामिल थें। नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा में जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार के मार्गदर्शन में शिक्षक संदर्भ समूह के शिक्षकों द्वारा स्थानीय झंडा चौक पर इस तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संदर्भ समूह के जिला समन्वयक सिराज अहमद सिद्धिकी, व्याख्याता राजेश गुप्ता, प्राचार्य गिरीश पटैल,सतीश नाईक, मधुसूदन पटैल, राजेंद्र गुप्ता, दीपक गुप्ता, अमित पटैल सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। वही प्रशासनिक व्यवस्था बनाने में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी कलावती व्यारे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित अन्य अधिकारी मौजूद देखे गये। वही कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन एवं आभार प्रदर्शन भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा द्वारा व्यक्त किया।

# पहले मजदूरी के भरोसे चलने वाले परिवार की बदली सूरत

### आजीविका मिशन से जुड़कर ग्यारसी बाई हुई आर्थिक रूप से सशक्त



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** अभावग्रस्त परिवार में तंगी का जीवन जी रही दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा की श्रीमती ग्यारसी प्रजापति खुद को असहाय महसूस कर रही थी। उनके परिवार में उनके पति और परिवार के अन्य सदस्य खेती, मजदूरी और सामजिक धंधा मटका व मूर्ति बनाकर अपने परिवार का भरण- पोषण करते थे। उनका बालक भी मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण में सहायता करता था। मगर बताया जाता है कि श्रीमती प्रजापति बताती हैं कि मजदूरी और अन्य कार्यों से उनके परिवार को लगभग 50 से 60 हजार रुपये साल भर में मिल पाते थे। इतने कम पैसों से घर चलाना बहुत मुश्किल होता था। कभी कभी तो उन्हें और उनके परिवार को लोगों से ब्याज पर ऋण लेने की नौबत भी आ जाती थी, जिसे चुकाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी। मगर श्रीमती ग्यारसी प्रजापति अच्छे भविष्य का सपना अपनी आँखों में देख रही थी। एक समय था श्रीमती प्रजापति कभी अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए संघर्ष कर रही थी। लेकिन कहा जाता है कि बुरे दिन ज्यादा समय तक नही रहते है और आज वह लखपति दीदी बन चुकी हैं। ये सब मुमकिन हुआ मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह के माध्यम से जिसने श्रीमती प्रजापति को इसके लिए मदद की गई। वही इस संबंध में श्रीमती प्रजापति बताती हैं कि उन्हें सहायक विकासखंड प्रबंधक आजीविका मिशन के माध्यम से आजीविका मिशन से जुड़ने की सलाह दी गई। जिसके चलते स्वसहायता समूह से जुड़कर होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इससे प्रेरित होकर वह बजरंग स्वसहायता समूह से जुड़ी। उनके समूह में 10 से 11 महिलायें हैं। समूह ने छोटी- छोटी बचत करना शुरू किया। उनके समूह को बैंक के माध्यम से 6 लाख रुपये का लोन दिया गया। श्रीमती ग्यारसी बाई के मन में एक विचार आया कि उनका बेटा मिस्त्री का काम करता है। इस बात को ध्यान में रखते हुये उन्होंने अपने बालक के लिए स्वसहायता समूह से 4 लाख रुपये लिये। इस राशि से उन्होंने मिक्चर मशीन की खरीदी गई। मिक्चर मशीन आ जाने से उनके बेटे को निर्माण कार्य के काम मिलने लगे। उन्होंने सड़क निर्माण, नाली निर्माण एवं अन्य मकान संबंधी कार्यों में मिक्चर मशीन से मसाला बनाने का कार्य मिलने लगा। इसके बाद उन्होंने मिक्चर मशीन को लाने- ले जाने के लिए ट्रेक्टर खरीदा। श्रीमती प्रजापति बताती हैं कि साधारण दिनों में उन्हें मिक्चर मशीन के माध्यम से 20 हजार रुपये की मासिक आय हो जाती है। जब ज़्यादा काम मिल जाता है तो महिने में अधिक कमा लेती हैं। पहले जहां साल भर में कड़ी मेहनत करने के बाद केवल 50 से 60 हजार ही कमा पाती थी, अब उनकी सालाना कमाई 4 से 5 लाख रुपये हो गई है। उनका पूरा कर्जा भी चुकता हो गया है। श्रीमती प्रजापति कहती हैं कि अब परिवार की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो गया है। उन्हें अब स्थायी स्वरोजगार प्राप्त हो गया है। इससे वे अपना और अपने परिवार का भरण- पोषण अच्छे से करती हैं। इसके लिए वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए आजीविका मिशन की सराहना करने से नही चूक रही है।

# आचार्य प्रवर संत तारण तरण मंडलाचार्य महाराज का गुरूपर्वी महोत्सव मनाया गया



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** स्थानीय श्री संत तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय जी में आचार्य प्रवर संत तारण तरण मण्डलाचार्य महाराज की गुरूपर्वी महा महोत्सव मनाया गया । बताया जाता है कि इस अवसर पर श्री मन्दिर जी में मंदिर विधि का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है की सोलहवीं सदी के महान अध्यात्म वादि क्रांतिकारी जैन दर्शन के मर्मज्ञ परमवीतरागी संत श्री गुरु तारण स्वामी हुए, जिन्होंने शुद्धअध्यात्म का शंखनाद किया स्वयं मुक्ति मार्ग के पथिक तारण पंथी हुए, और समस्त जीवो को मुक्ति का मार्ग तारण पंथ बताया। भारतीय संस्कृति में सोलहवीं शताब्दी का समय संतयुग के रूप में जाना जाता है। उस समय देश के हर कोने में संतों का अवतरण हो रहा था मालवा, मध्य प्रदेश में श्री जिन तारण तरण स्वामी जैसे महान सूर्य का उदय हुआ । मिति अगहन सुदी सप्तमी विक्रम संवत 1505 (ई सन १४४८) में बिलहरी पुष्पावती में हुआ। आचार्य श्री जिन तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज ने धर्म के नाम पर भ्रमित मानवता को यथार्थ राह दिखाकर जीवो के कल्याण का पथ प्रशस्त किया है। श्री छदमस्त वाणी जी में यह उल्लेख है, कि महावीर स्वामी के समवशरण को आचार्य गुरु ने प्रत्यक्ष देखा व दिव्य ध्वनि सुनी थी तभी उन्हें देशनालब्धि और धर्म का विशेष बहुमान था। इसलिए तारण पंत में कहा गया है की हमें तारण स्वामी द्वारा बताए हुए क्रिया कांड और आडंबर रहित क्रियाकलापों से बचाते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर अपने आत्म कल्याण की भावना को भाना चाहिये।

## विजय कॉलोनी शिव मंदिर की गुम्मच का निर्माण होते हुये दिखाई देने लगी अनोखी छटा

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर के बीचों बीच स्थित नगर की विजय कालोनी में स्थापित शिवजी का मंदिर निश्चित तौर जहां भामा वार्ड में निवास करने वाले लोगों के लिये आस्था का केन्द्र बना हुआ है। वही दूसरी ओर विजय कालोनी नवासियों की पहचान के लिये भी अधिकांश समय शिव मंदिर का उल्लेख करते हुये देखा जाता है। वही इस मंदिर पर जहां हर मंगलवार को सुन्दर कांड का आयोजन इस मार्ग से निकलने वाले हर सनातनी को चंद मिनिट के लिये रूकने के लिये मजबूर कर देता है। हर मंगलवार को नटी के आधार पर संचालित होने वाले सुन्दर कांड के लिये वर्षो का समय निकल चुका है जहां पर मंदिर में आस्था रखने वालों की भीड़ देखने मिलती है। वही दूसरी ओर देखा जाता है कि सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर पर शिवजी की पूजन करने के लिये महिलाओं की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है। इस तरह वर्षो पुराने मंदिर में जहां जगह का आभाव दिखाई देने के चलते इस मंदिर का भव्य निर्माण करने की शुरूआत हुई। इस तरह मंदिर के निर्माण का कार्य तो बीते हुये कुछ महिनों से चलते हुये देखा जा रहा है। मगर निर्माण की गति को आगे की ओर बढ़ाते हुये जिस तरह मंदिर की गुम्मच का निर्माण कार्य शुरू हुआ तो मंदिर की छटा में चार चांद लगने से नही चूके। इस तरह चल रहे मंदिर गुम्मच निर्माण कार्य को देखने के लिये जहां शिव भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये नजर आ रही है।

# स्वरूचि भोज अब गांवों में भी बना फैशन लाखों के अन्न की हो रही है बरबादी?



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** कुछ साल पहले तक गांव देहातों मे जिसे गिद्धभोज की संज्ञा देते हुये सुना जाता था वह बफर सिस्टम अब गांवों में भी एक रूप से रिवाज बन चुका है? जो लोग आज हमारे हिन्दू धर्म की परम्परा के अनुसार पंगत से यानि प्रतिभोज कराते है उन्हें लोग हीन भावना से देखने लगे है? यहां तक की गांव कस्बों मे भी स्वरूचि भोजन ने पंगत का स्थान ले लिया है, कहते है कि नकल मे भी अकल की जरूरत होती है, जिसकी हमारे मध्यमवर्गीय समाज मे निहायत कमी नजर आती है? नतीजा यह है कि जिस देश मे करोड़ों लोग दाने- दाने को मोहताज है, उसी देश मे आज के समय में शादियों और इस तरह के अन्य समारोहो मे आयोजित होने वाले बफर यानि स्वरूचिभोज मे लोग बेरहमी से तमाम खाद्य पदार्थ प्लेटों मे भरकर और आधा अधूरा खाकर हजारों रूपये के खाद्य पदार्थ यानि की अन्न देवता की बरबादी कर रहे है। जबकि सही मायने में देखा जावे तो उस भोजन अन्न के लिए आज भी कई परिवार महंगाई के दौर में तरस रहे है? आमतौर पर कुछ समय पहले तक हमारे देश में लोग पंगत मे बैठकर खाने को लोग सम्मान की दृष्टि से देखते थें, मगर अब लोगों ने अपनी फैसन के चलते उसे भूलकर बफर में खड़े होकर खाने को अपना सम्मान समझने लगे है? चाहे धनाढ्य वर्ग हो या मध्यमवर्गीय परिवार इस भोज को उसने अपनाया है और लोगों के सामनें अपनी हैसियत दिखाने के लिए वह तरह तरह के व्यंजन बफर मे रखता है और लोगों के जीभ मे व्यंजन देखकर पानी भर आता है और लोग असत्तपन की हद तक जाकर अपनी प्लेटों मे खाना तो भरपूर रख लेते है पर खा नही पाते और उसे थोड़ी देर बाद पास मे पड़े डिब्बे मे छोड़ देते है और बाद मे बेटरों द्वारा इस महत्वपूर्ण भोज्य पदार्थ को ले जाकर कचरे के ढेर जैसे लगा दिया जाता है? कुछ गरीब तबके के लोग इसी ढेर से खाद्य सामग्री बीनकर अपना व अपने बच्चों का पेट भरते है और बाकी खाद्य पदार्थ फेंक दिया जाता है? पहले यह होता था कि पंगत मे लोगों को बैठाकर पूछ पूछकर खाना परोसा जाता था, लोगों को इसमे आत्मानुभूति होती थी, पेट भी भरता था और खाने की बरबादी भी नही होती थी और पगंत में पतल में खाने में मजा भी आता था, परन्तु अब इसके उलट स्वरूचिभोज यानि बफर एक फैशन बन गया है और उसमे खाने की बरबादी भी शामिल हो गई है। लोग प्लेट मे लेकर छोड़ देने की आदत को रिवाज सा समझने लगे है। जिस तरह भोजन की बरबादी होती है यदि वही भोजन किसी गरीब बस्ती मे बांटा जाये तो कई भूखे परिवारों का पेट भरा जा सकता है।

# मनमानी बिजली कटौती के चलते गांवों में लाखों की टंकी दिखाई दे रही शोभा की सुपारी



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा की दृष्टि से भले ही नल-जल योजनाओं का गांव गांव शुभारंभ किया गया है। लेकिन इन योजनाओं का ग्रामीणों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र की कई पंचायतों में शुभारंभ के कुछ समय बाद ही योजनाएं बंद पड़ी हुई हैं। वही दूसरी ओर अनेक गांवों में बिजली बिलों के भुगतान के चलते लाईने कटी पड़ी है तो दूसरी ओर इस समय हो रही अंधाधुंध कटौती के चलते नलजल योजनाऐं फैल होते हुये देखी जा रही है। क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर शासन प्रशासन द्वारा नल-जल योजना और अन्य जल योजना चलाई जा रही है। जिसके चलते अनेक पंचायतों में सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुए पानी टंकी बनबाते हुए बीते हुए कुछ वर्ष पहले इन योजनाओं को शुरू तो करा दिया गया है। मगर इस इस योजना से ग्रामीणों को कोई खास लाभ नहीं मिल पा रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि जल संकट हर तरफ बढ़ता ही जा रहा है। हालाकि योजनओं का उद्देश्य ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध कराना है। लेकिन पानी सप्ताह में एकाध बार भी पानी सही ढंग से नहीं मिलता है। इन योजनाओं के बंद होने का कारण भी अलग अलग है और कुछ तो जल स्त्रोत सूखने के कारण बंद हो रही है तो कुछ बिजली कनेक्शन काटने तथा मनमानी बिजली कटौती के चलते बंद हो चुकी हैं। वही दूसरी ओर कुछ ग्राम पंचायतों में देखा जा रहा है कि पानी टंकी के निर्माण में बरती गई गफलतबाजी के चलते पानी टंकियों में पानी भरते ही पानी टपकना शुरू हो जाता है, जिसके चलते नलजन योजना के ना पर करोड़ो खर्च किये जाने के बाद भी वह उपयोगी साबित नही हो पा रही है। वही गौर किया जावे तो पीएचई विभाग द्वारा इन योजनाओं के शुरू होने के बाद बंद होने की सूचना मिलने पर बरती गई उदासीनता के चलते ग्रामीणों को गर्मी के दौरान पीने के पानी को लेकर भटकते हुए देखा जा रहा है। कहाँ लागू होती है नल-जल योजनाः- पीएचई विभाग के अनुसार नल-जल योजना 2 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित की जाती है। इस योजना के तहत एक ट्यूबवैल से अनेक नल कनेक्शन पाईप लाईन में बिछाकर दिये जाते हैं। घरों में कनेक्शन के बाद पानी की सप्लाई पंचायत स्तर से प्रतिदिन या फिर वहां पर जैंसी पानी की स्थिति होती है के अनुसार की जाती हैख बदले में पंचायत द्वारा कनेक्शनधारियों से शुल्क भी लिया जाता है। कहाँ लागू होती है स्थल जल योजनाः- एक हजार से कम आबादी वाले ग्रामीण क्षेक्षें में स्थल जल योजना संचालित की जाती है। इस योजना में ट्यूबवैल करके उसी में मोटर पंप लगाकर कई नल लगा दिये जाते हैं और ग्रामीणों को स्पाट पर ही पानी दिया जाता है। इस योजना में घरों में कनेक्शन नहीं दिये जाते हैं। लोगों को ट्यूबवैल पर ही लगे नलों से पानी भरना पड़ता है। इस योजना को नल-जल योजना में गांव की आबादी बढ़ने पर परिवर्तित कर दिया जाता है।

**खबर संक्षेप**



## नर्मदा मंदिर परिसर मंथर गति से चल रहा विकास कार्य

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के नर्मदा मंदिर परिसर में इन दोनों नर्मदा लोक के तहत विशेष विकास कार्य किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार के द्वारा उक्त कार्य बेहद ही धीमे एवं मंथर गति से किया कराया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन की विशेष महिती योजना के तहत अमरकंटक नर्मदा लोक में प्रथम चरण में नर्मदा मंदिर परिसर के दीवार में धार्मिक महत्व को प्रतिपादित करता शिलालेख एवं प्रतिबिंब लगाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें नर्मदा क्षेत्र के समस्त धार्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए शिला पटिका लगाया जा रहा है। उक्त कार्य बेहद धीमे एवं कछुए की चाल में किया जा रहा है। बाहर से आने वाले भक्त श्रद्धालुओं ने कहां की उक्त कार्य बेहद सुस्त अंदाज में हो रहा है विकास कार्यों को तीव्र गति से गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए ताकि उक्त विकास कार्य वर्षों तक ऐतिहासिक समावेशीकरण बना रह सके।

## एकलव्य खो-खो अकादमी में ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** तुलसी महाविद्यालय परिसर में एकलव्य खो-खो अकादमी द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता प्रतिदिन दो सत्रों में प्रातः 6 से 8 बजे तक तथा सायं 4 से 6 बजे तक नियमित रूप से संचालित की जा रही है। इस आयोजन में 14 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के खिलाड़ी निःशुल्क भाग ले सकते हैं। यह अवसर सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों सहित अन्य इच्छुक खिलाड़ियों के लिए भी खुला है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को पहचानना, प्रोत्साहित करना और निखारना है। प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक डॉ रामायण वर्मा, डॉ. इंद्र नारायण काछी, विवेक यादव, साक्षी पाठक एवं निखिल यादव, शिवानी केशवानी, भारती धुर्वे, धनीराम वनवासी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम फेडरेशन संरक्षक आदर्श दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। फेडरेशन सितंबर माह में एक बड़ा जिला स्तरीय टूर्नामेंट भी करवाने जा रहा है। खेल प्रेमियों एवं प्रतिभावान युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## श्री कल्याणिका देवस्थानम डोल आश्रम पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**अमरकंटक।** परम तपस्वी बीतराग बाबा कल्याण दास महाराज के उत्तराखंड स्थित डोल आश्रम में तीन दिनों तक चले वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आश्रम पहुंचकर पूजन अर्चन धार्मिक विधि विधान के कार्यक्रम में शामिल हुए एवं दर्शन किया। उल्लेखनीय है कि 10 मई 25 शनिवार से वैशाख शुक्ल त्रयोदशी 12 मई 25 दिन सोमवार वैशाख शुक्ल पूर्णिमा तक तीन दिनों के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल्याणिका देवस्थानम आश्रम डोल पहुंचे तथा उन्होंने आश्रम परिसर में आयोजित वार्षिक उत्सव के परंपरागत धार्मिक आयोजन में शामिल होकर दर्शन किया एवं पूजन अर्चन अभिषेक में उपस्थित रहे इस दौरान आश्रम परिसर में जश्न का माहौल रहा तथा कई धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारा भोजन प्रसादी कराया गया। उत्तराखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परम तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज से मिलकर उनके कुशल क्षेम जाना।

# बिना रेट लिस्ट- बगैर बिल के दुकानदारों की मनमानी, उपभोक्ताओं से खुली लूट






आदिवासी बाहुल्य जिला डिंडौरी के बाजारों में इन दिनों शादी-ब्याह की खरीददारी जोरों पर है, लेकिन इसी मौके का फायदा उठाकर बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और फर्नीचर दुकानों में लंबे समय से ग्राहकों से खुलेआम लूट की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी

मनमाने दाम, घटिया सामान, नकली ब्रांड और बिना बिलिंग के व्यापार अब आम बात हो गई है, जबकि प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

### बर्तन दुकानों में 'हाई क्वालिटी' के नाम पर ठगी

शादी के मौसम में बर्तनों की माँग बढ़ते ही दुकानदार आम स्टील के बर्तनों को 'हाई क्वालिटी' बताकर दोगुने दाम में बेच रहे हैं। अंदर से जंग लगे या हल्के स्टील के बर्तन बाहर से चमकदार दिखा कर ग्राहकों को भ्रमित किया जा रहा है।

### कम वजन वाले बर्तन, दोगुनी कीमत, ग्राहकों को बनाया जा रहा शिकार

बर्तन दुकानों में धांधली इस कदर बढ़ गई है कि सामान्य से कम वजन वाले बर्तनों को 'हाई क्वालिटी' बता कर दुगने दामों में बेचा जा रहा है। दुकानदार बर्तनों की असली क्वालिटी या वजन के बारे में सही जानकारी नहीं देते और चमकदार दिखा कर ग्राहकों को भ्रमित करते हैं। भोले-भाले ग्रामीण ग्राहक तकनीकी जानकारी न होने के कारण ठगे जा रहे हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में नकली ब्रांड ,कोई गारंटी नहीं

टीवी, पंखा, मिक्सर, वॉशिंग मशीन जैसी वस्तुएँ बिना किसी मान्यता या नकली ब्रांड में बेची जा रही हैं। दुकानदार असली ब्रांड की कीमत वसूल रहे हैं, लेकिन ग्राहक को न तो पक्का बिल दिया जाता है और न ही कोई गारंटी। सिर्फ मौखिक आश्वासन देकर ग्राहक को टरका दिया जाता है।

### फर्नीचर दुकानों में घटिया माल, ऊँचे दाम

फर्नीचर दुकानों में भी भारी गड़बड़ी देखी जा रही है। प्लाई और नकली लकड़ी से तैयार फर्नीचर को ऊँचे दामों में 'सॉलिड' बता कर बेचा जा रहा है। एक ही डिजाइन का फर्नीचर अलग-अलग ग्राहकों को अलग-अलग दामों पर बेचा जा रहा है।

### रेट लिस्ट गायब,दुकानदारों को खुली छूट

जिले की अधिकांश दुकानों में रेट लिस्ट नहीं लगी है। ग्राहक पूछें तो जवाब नहीं मिलता, उल्टे खरीदार पर ही नाराजगी जताई जाती है। दुकानदारों की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि हर ग्राहक से अलग-अलग रेट वसूला जा रहा है।

### प्रशासन की चुप्पी से बढ़ रही आशंका

अब तक प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। न तो दुकानों की जाँच हुई है और न ही बिलिंग की मॉनिटरिंग। इससे आम जनता में यह संदेश जा रहा है कि या तो प्रशासन अनभिज्ञ है या जानबूझकर अनदेखी कर रहा है।

### ग्राहक मजबूरी में खरीदारी को विवश

ग्रामीण परिवारों के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। शहर से दूर होने के कारण उन्हें स्थानीय दुकानों पर निर्भर रहना पड़ता है, भले ही उन्हें मनमाने दाम चुकाने पड़े या घटिया सामान मिले।

### शिकायत कहाँ करें? लोगों को नहीं जानकारी, हो रही खुली लूट

बसे चिंताजनक बात यह है कि जिले के अधिकांश ग्राहकों को यह पता ही नहीं है कि इस तरह की लूट या ठगी की शिकायत कहाँ और कैसे की जाए। शिकायत की प्रक्रिया की जानकारी के अभाव में ग्राहक लुटते हैं लेकिन चुपचाप सब सह लेते हैं। प्रशासन की ओर से अब तक न तो जागरूकता अभियान चलाया गया है और न ही कोई सार्वजनिक सूचना जारी की गई है जिससे लोग अपनी शिकायत सही जगह दर्ज करा सकें।

### आमजनों की माँग: हो सख्त कार्रवाई

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से माँग की है कि दुकानों की तत्काल जाँच कर बिल देना अनिवार्य किया जाए। रेट लिस्ट सार्वजनिक रूप से चस्पा कराने और ठगी करने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों को दिया जा रहा ऑन जॉब का प्रशिक्षण

### व्यावसायिक पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रोजगार कैसे प्राप्त करना है?

**डिंडौरी।** शहपुरा विकासखंड स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धिरवनकला एवं शासकीय मॉडल विद्यालय में कक्षा 10 वीं 12 वीं के विद्यार्थी जो व्यावसायिक पाठ्यक्रम लिए थे ऐसे विद्यार्थियों को ऑन जॉब का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य दिनेश श्रीवास्तव एवं धिरवनकला प्राचार्य बीसी झारिया एवं मॉडल विद्यालय प्राचार्य वेदप्रकाश साहू एवं शिक्षकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को शहपुरा में एक निजी कंप्यूटर संस्थान में 20 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है । जहां उन्हें संस्था के संचालक धर्मेन्द्र साहू के द्वारा एमएस आफिस में कार्य कैसे किया जाता है सहित अन्य जानकारियां उपलब्ध करवाई गई और उन्हें बताया गया कि ऑनलाईन कार्य कर रोजगार कैसे प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत स्वयं का व्यापार कर अपने आप को कैसे मजबूत कर सकते हैं उसके बारे में मार्गदर्शन दिया जा रहा है। छात्र-छात्राएं भी रूचि लेकर ऑन जॉब का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। चर्चा में व्यावसायिक शिक्षक देवेंद्र साहू अभिलाष तिवारी एवं जितेन्द्र यादव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार शहपुरा स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धिरवनकला एवं शासकीय मॉडल स्कूल शहपुरा में व्यावसायिक पाठ्यक्रम जारी है जहां छात्र-छात्राओं को आईटी के विषय की पढ़ाई करवाई जाती है। शासन के निर्देश हैं कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को 80 घंटे का ऑन जॉब का प्रशिक्षण दिया जाये। इसी निर्देश के परिपालन में 2 मई से लगातार 20 दिनों तक उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं को वर्किंग के साथ कैसे जॉब करना है इसलिए उन्हें ऑन जॉब का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि 12 वीं उत्तीर्ण होने के बाद वे किसी भी कंपनी में या स्वयं का व्यवसाय कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान छात्र-छात्राओं को आधार केन्द्र में किस तरह से आधार कार्ड अपडेशन सहित अन्य कार्य किये जाते हैं उसके बारे में बताया गया है और यह प्रशिक्षण 21 मई तक जारी रहेगा। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# युवाओं की अनोखी पहल, हर रविवार पौधारोपण

### युवाओं की अनोखी पहल, हर रविवार पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी



पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। हमारी प्राणवायु के यही आधार हैं। पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में युवाओं की टीम लगातार 3 सालों से कार्य करते हुए हर रविवार को पौधारोपण कर रहे हैं। जिले के शहपुरा विकासखंड अंतर्गत धारा सरस्वती शैक्षणिक एवं समाज समिति से जुड़कर युवाओं की टोली हर रविवार को पौधारोपण कर रही है। पौधारोपण महाभियान के 154 वें रविवार को इन युवाओं ने ग्राम बरगांव में सिलगी नदी किनारे पौधारोपण किया। यहां कटहल के पौधे का रोपण किया गया। धारा सरस्वती शैक्षणिक एवं समाज उत्थान समिति के सचिव एडवोकेट निर्मल साहू ने बताया कि उनकी टीम लगभग 3 सालों से पौधारोपण कर रही। पौधारोपण कार्य में हमारी समिति के अलावा भारतीय किसान संघ, तहसील विधिक सेवा समिति सहित अन्य संगठनों के लोगों ने अभी तक हमारे इस अभियान का हिस्सा बनकर पौधारोपण किया है। इस बार हमने लगातार 154 वें रविवार को पौधारोपण किया है। ग्राम पंचायत बरगांव के सचिव दिलीप कुशराम ने बताया कि पौधारोपण का यह कार्य रविवार को सिलगी नदी किनारे किया गया। ग्राम पंचायत बरगांव के सौजन्य से एक बगीचा हमने तैयार किया है और यहां भी पौधारोपण का कार्य निरंतर जारी है। शासन-प्रशासन से निवेदन है कि अन्य ग्राम पंचायतों में भी इस तरह से भूमि आरक्षित कर पौधारोपण कार्य किया जाना चाहिए जिससे कि पर्यावरण संरक्षित और संवर्धित हो।

ग्राम पंचायत बरगांव के पूर्व सरपंच सगड़ा टोला निवासी भोला सिंह परस्ते ने पौधारोपण करते हुए कहा कि पेड़ पौधों से ही हमारे जीवन का अस्तित्व है हम सभी को पेड़-पौधे अवश्य लगाना चाहिए।

बरगांव निवासी रज्जन तिवारी ने कहा कि हम सभी को पेड़-पौधे अवश्य लगाना चाहिए इससे हमें और हमारे स्वास्थ्य को लाभ होता है। हम लोग भी निरंतर पौधारोपण कर रहे हैं साथ ही उनकी देखभाल भी करते हैं। जिससे कि पौधों को किसी भी तरह की क्षति न हो।

रविवार को पौधारोपण के दौरान धारा सरस्वती शैक्षणिक एवं समाज उत्थान समिति के सचिव व भारतीय किसान संघ जिला मंत्री एडवोकेट निर्मल साहू, मीडिया प्रभारी भीमशंकर साहू, पूर्व सरपंच भोला सिंह परस्ते व नत्थू लाल बनवासी, भाजपा मंडल शहपुरा के मंत्री विजय साहू, ग्राम पंचायत बरगांव रोजगार सहायक दिलीप कुशराम, रज्जन तिवारी, कृष्ण कुमार साहू बिट्टू सहित अन्य ग्रामीण व युवा मौजूद रहे।

## तमकेश्वर आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का चौथा दिन

### श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर सुना भगवान वामन अवतार प्रसंग



हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी

शहपुरा विकासखंड के ग्राम बरबसपुर स्थित पवित्र तमकेश्वर आश्रम में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में भगवान वामन अवतार का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक पंडित चंद्रभान शास्त्री ने भक्तों को वामन अवतार की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि भगवान विष्णु ने वामन रूप में अवतरित होकर बलिदानी राजा बलि को अहंकार और मोह के परित्याग का अमूल्य संदेश दिया।

चंद्रभान शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आचरण में परिवर्तन लाने का साधन है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से न केवल जन्मों-जन्मों के पाप क्षीण होते हैं, बल्कि यह आत्मा को ईश्वर के प्रति समर्पण की ओर अग्रसर करता है। वामन अवतार प्रसंग में शास्त्रीजी ने बताया कि कैसे भगवान विष्णु ने तीन पग भूमि मांगकर राजा बलि का समस्त अहंकार दूर कर दिया और परोपकार तथा विनम्रता का आदर्श स्थापित किया। कथा के दौरान श्रोताओं को जीवन में परोपकार, अहंकार त्याग, और ईश्वर भक्ति जैसे मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि "धन-संपत्ति क्षणिक है, किंतु सेवा और विनम्रता से ही सच्ची भक्ति सिद्ध होती है। यदि जीवन में मोह, घृणा, ईर्ष्या और घमंड हावी हो जाए तो भक्ति मात्र एक दिखावा बनकर रह जाती है।"

इस अवसर पर वामन अवतार की भव्य झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसमें भगवान को राजा बलि से भिक्षा मांगते हुए और विराट रूप धारण करते हुए दिखाया गया। जैसे ही भजन 'तेरे द्वार खड़ा भगवान, भगत भर दे रे झोली' गूंजा, समूचा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो उठा। श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और कई की आंखों से अश्रुधारा बह निकली।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा का आयोजन आगामी दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें अन्य दिव्य प्रसंगों का भी वाचन किया जाएगा। पूरे ग्राम व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कथा में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ ले रहे हैं।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास-श्री जायसवाल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जयसवाल ने कहा कि कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यशालाएं निश्चित ही उन्हें सशक्त बनाएंगी। इस प्रकार की योजनाएं न केवल महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का मार्ग प्रशस्त करती हैं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले के पिपरहा गांव में दरी निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को जो प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, वह ग्रामीण महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। भविष्य में यह गांव दरी बनाने वाले शिल्पियों के लिए प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। ऐसी योजनाएं नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो उन्हें न केवल रोजगार प्रदान करती हैं, बल्कि समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने में भी सहायक सिद्ध होती हैं। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने जिले के ग्राम पिपराहा में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ कर संबोधित किया। हथकरघा विभाग के प्रबंधक शिव शंकर पांडेय ने बताया कि पिपरहा गांव में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 25 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में 10 दीदियों को प्रतिदिन 3 घंटे तक दरी निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। श्री पांडेय ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक दीदी को 3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही, हथकरघा विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों को आवश्यक कच्चा

# भ्रष्टाचार की इबारत लिख रहा ग्राम पंचायत सेमरा

## मिष्ठान्न भंडार के बिल पर हुआ एलईडी लाइट का भुगतान





**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** जिले की जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा एक बार फिर चर्चा में है और इस बार वजह है, पंचायत में हुआ चौंकाने वाला भ्रष्टाचार, जिसने शासन की नीतियों और नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा दी हैं। दरअसल, पंचायत में पंचम राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत 4 लाख 24 हजार रुपए की लागत से एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने की स्वीकृति दी गई थी। यह कार्य ऊर्जा विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुसार पूरे ग्राम के विभिन्न वार्डों में किया जाना था, लेकिन पंचायत सचिव ने इस योजना में गड़बड़ी करते हुए न सिर्फ नियमों को दरकिनार किया, बल्कि भुगतान के लिए जो बिल प्रस्तुत किया, वह किसी मिष्ठान्न भंडार (मिठाई की


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Virat Bhoomi.pdf - 17 May 2025 - Page 4
ग्रामीणों को विकास योजनाओं का इंतजार, जनता परेशान, अधिकारी बेपरवाह
ग्राम पंचायत सेमरा में 'विलुप्त' हुये सचिव

दुकान) का था।

### GST लागू, फिर भी TIN नंबर से भुगतान

भारत में 1 जुलाई 2017 से जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू हो चुका है, जिसके बाद TIN नंबर की वैधता समाप्त हो गई थी। बावजूद इसके पंचायत दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध विवरण के अनुसार एलईडी लाइट सप्लाई करने वाले दुकानदार का TIN नंबर दर्ज है, जो कि वर्तमान कर प्रणाली में असंगत है। इससे भी बड़ी चौंकाने वाली बात यह है कि जिन दस्तावेजों में इलेक्ट्रॉनिक सामान की जानकारी होनी चाहिए। उसमें मिष्ठान्न भंडार का बिल लगाया गया है। यह सीधा-सीधा दर्शाता है, कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए शासकीय राशि का गबन किया गया है।



### वारंटी अवधि में खराब हुई लाइट, नहीं दी गई कोई सूचना

पंचायत द्वारा जो एलईडी लाइट लगाई गई, वे स्थापना से पहले ही खराब पाई गईं। एलईडी लाइट आमतौर पर वारंटी अवधि के अंतर्गत आती हैं, जिन्हें खराब होने पर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के बदला जा सकता है।

# जमीन विवाद के चलते सगे भाई की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

14 मई की रात करीबन 11.00 बजे थाना करेली में रिपोर्ट प्राप्त हुयी कि रेवानगर निवासी धांधु ठाकुर तथा विनोद ठाकुर का आपस मे झगडा हुआ और विनोद ने धांधु ठाकुर की गर्दन में कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी गयी है।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



रिपोर्ट पर आरोपी विनोद ठाकुर के विरूद्ध अपराध क्रमांक 430् 2025 धारा 103 (1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण का आरोपी विनोद ठाकुर घटना के उपरान्त फरार हो गया था जिसकी पुलिस टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से जानकारी एकत्रित की गयी जिस पर जानकारी मिली कि आरोपी रेवानगर के जंगल में छिपा हुआ है जो भागने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को भी जप्त किया गया है एवं आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### इनकी रही मुख्य भूमिका

हत्या के आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में थाना प्रभारी, करेली, निरीक्षक, प्रियंका केवट, उनि विजय धुर्वे, उनि रामरतन सोनी, उनि अनिल सिंह, सउनि शिशुपाल चैधरी, सउनि संतलाल मरकाम, सउनि नरेश आरसे, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, आरक्षक सुदीप बागरी, आरक्षक दिनेश केवट, आरक्षक सचिन लोधी, सैनिक रियाज की मुख्य भूमिका रही है।

## देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नरसिंहपुर।** थाना गाडरवारा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी रितिक कुचबंदिया पिता पप्पू कुचबंदिया, लगभग उम्र 20 वर्ष, निवासी सुभाष वार्ड, गाडरवारा के कब्जे से एक 315 बोर देशी कट्टा व जिंदा कारतूस जप्त कर कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी को समक्ष गवाहान विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना गाडरवारा में आयुध अधिनियम की धारा 25 (1) (ए), 25 (1) (बी), 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आर्म्स एक्ट के तहत की गई उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम रजक के साथ, सहायक उप निरीक्षक पुनीत कटारे, प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल, आरक्षक बालकृष्ण रघुवंशी, दिनेश पटेल, शिवा राजपूत, नेहा पटैल की सराहनीय भूमिका रही है।



## खबर संक्षेप

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नरसिंहपुर।** सियाल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सत्र 2024-25 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं के टॉपर्स में श्रेया बागरी ने 86.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनीं। आदित्य पटेल ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अश्लेषा श्रीवास्तव ने 83.6 प्रतिशत और शुभ पालीवाल ने 78.8 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशरू तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में श्रेया नेमा ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया और सीनियर सेकेंडरी स्तर पर विद्यालय टॉपर रहीं। विद्यालय की प्राचार्या सारिका नेमा एवं कक्षा शिक्षक अंजनी श्रीवास्तव और दीपक रिछारिया ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ग्राम काचरकोना में दीवार लेखन के माध्यम से संदेश दिया



**नरसिंहपुर।** जिले की जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम काचरकोना में दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। धर्मेन्द्र चैहान ने बताया कि चांवरपाठा सेक्टर की ग्राम पंचायतों और ग्रामों में ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक ग्रामीणों को अभियान से जोड़ा जा रहा है।

### विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई



**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर, 18 मई 2025. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अंतर्गत जल संरचनाओं का निर्माण व पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई, ग्राम चैपाल, नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता, जल संवाद, संगोष्ठी, रैली, शपथ, दीवार लेखन आदि के कार्य निरंतर किये जा रहे हैं। इस कार्य में आम नागरिक भी अपनी सहभागिता स्वेच्छा से निभा रहे हैं। इसी क्रम में उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा में सीएमसीएलडीपी कक्षा के विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन 5 जून को

**तेंदूखेड़ा।** मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भोपाल द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजनांतर्गत आगामी 5 जून को जनपद पंचायत चांवरपाठा का सामूहिक विवाह सम्मेलन कृषि उपज मंडी परिसर तेंदूखेड़ा में आयोजित किया जाएगा। योजना अंतर्गत हितग्राही तथा हितग्राही के अविभावकों को गरीबी रेखा के नीचे निर्वाह करने वाले परिवारों को बी पी एल सूची पोर्टल पर सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों के पात्र इच्छुक हितग्राही 30 मई तक आवश्यक शर्तों के अनुसार कार्यालयीन समय में जाकर आवक-जावक में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही बधु की उम्र 18 वर्ष एवं वर की उम्र 21 से अधिक होना अनिवार्य है।जिसके लिए जन्म तारीख के प्रमाणीकरण हेतु जन्म प्रमाण पत्र या अंक सूचि एवं बधु पक्ष के अविभावक का बी पी एल सूची में नाम होना जरूरी है। अधिक जानकारी कार्यालय में जाकर की जाती सकती है।

### उमस भरी गर्मी से हर वर्ग परेशान

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों मौसम की चल रही प्रतिकूलता के चलते आम जन जीवन प्रभावित बना हुआ है। कभी तेज धूप तो कभी बादल छाये रहने के साथ उमस भरी गर्मी के चलते आम जन जीवन बेचैन देखा जा रहा है। शनिवार की अर्धरात्रि में अचानक हुई हल्की सी वारिस ने और ज्यादा उमस बढ़ा दी है। लोगों में बेचैनी देखी जा रही है।अधिकांश लोग कूलर पंखों का सहारा या खुले छायादार वातावरण में बैठे हुए देखे जा रहे हैं।

# कथा मनोरंजन नहीं बल्कि आत्म मंथन का साधन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

कथा मनोरंजन नहीं बल्कि आत्म मंथन का साधन है नरसिंहपुर नगर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा एवं रूद्र निर्माण शिव अभिषेक जिसमें कथा शाम 4 बजे से 7 तक आयोजित की जा रही है और प्रातरू काल की बेला में 8 बजे से 11 तक वृद्धि निर्माण एवं शिव अभिषेक पूजन पाठ किया जा रहा है जिसमें भारी संख्या में उपस्थित होकर माताएं बहने पूजन का लाभ उठा रही हैं । रिप्टापार उद्योग नगरी के पास बरगी ओवर ब्रिज के नीचे कथा व्यास अष्टाध्यास पुरनपुरवक्ता वाचस्पति अभिषेक दीक्षित श्याम नंदन जी महाराज श्री धाम वृंदावन महाराज श्री ने कथा श्रवण करते हुए रुद्राक्ष की महिमा का वर्णन किया रुद्राक्ष की महिमा श्रवण करते हुए कहा रुद्राक्ष एक ऐसा भोलेनाथ बाबा का स्वरूप है जिससे सारे देवी देवता प्रसन्न होते हैं और द्वादश ज्योतिर्लिंग की महिमा श्रवण कराई और कथा के विश्राम गणेश भगवान का विवाह महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया । महाराज श्री ने शिव महापुराण की महिमा बताती हुई कहा शिव महापुराण एक ऐसा ग्रंथ है जिसके श्रवण करने से त्रिदेव प्रसन्न होते हैं और शिव महापुराण की कथा सुनने मात्र से संपूर्ण कल का उद्धार होता है एवं त्रिदेवों की कृपा प्राप्त होती है।

# टेलीकम्युनिकेशन एंड इनफार्मेशन डे पर सेमीनार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

टेलीकम्युनिकेशन एंड इनफार्मेशन डे के उपलक्ष्य में इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), जबलपुर लोकल सेंटर के तत्वावधान में जेंडर इक्वलिटी इन डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। आन लाइन मोड में आयोजित हुए इस सेमिनार में तकनीक, शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्रों से जुड़े अनेक विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। मुख्य रूप से इंदौर के इंजी श्रीमति संचिता मिश्रा,इंजी शिवम बाजपेई,नरसिंहपुर से इंजी बी एम ऋषिशेवर,इंजी मनीष बाजपेई, इंजी राजेश ठाकुर,कटनी से इंजी जी आर सिंह, मंडला से इंजी संजीव अग्निहोत्री, जबलपुर से पूर्वअध्यक्ष तरूण आनन्दऔर इंजी पी सी दुबे आदि जुडे।प्रश्न काल में भाग इंजी संचिता ने तकनीक के क्षेत्र मे महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने संबंधित प्रश्न किये जिसका समाधान किया गया। मुख्य वक्ता इंजीनियर विवेक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा डिजिटल दुनिया में समावेशिता केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है। जब तक महिलाओं को तकनीकी क्षेत्र में समान अवसर प्राप्त नहीं होंगे तब तक किसी भी राष्ट्र का समग्र विकास अधूरा रहेगा।

# भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पड़ रही गर्मी के कारण पंखे कूलर भी काम नहीं कर रहे हैं। बार-बार मौसम में भी परिवर्तन हो रहा है कभी आसमान में घने काले बादल छाए रहते हैं तो कभी आसमान से आंग उगते सूर्य देव की तपिश से लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में डॉक्टरों की सलाह से ही लोगों को अपनी दिनचर्या शुरू करनी चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ संगीता प्रजापति का कहना है कि बीमारियों से बचना चाहते हैं तो जरूरी है कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाए रखें मौसम परिवर्तित होने पर सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है हमारे दिनचर्या का रहन-सहन और आहार का उचित प्रयोग



हमें स्वस्थ रख सकता है। ग्रीष्म ऋतु में हल्के सूती वस्त्रो का प्रयोग करें। पानी का सेवन अधिक से अधिक करना चाहिए। घर से बाहर खाली पेट ना निकले सर और शरीर को ढक कर निकालना चाहिए। आयुर्वेद के अनुसार चोकर रहित अनाज जैसे गेहूं ज्वार बाजार मक्का सत्तू का सेवन करना चाहिए। रसदार मौसमी फलों जैसे संतरा खरबूज तरबूज खीरा ककड़ी आम के रस का सेवन शरीर में होने वाली डिहाइड्रेशन से बचाव करेगा। अंकुरित अनाज मूंग चना का भरपूर मात्रा में सेवन करें। सलाद में ककड़ी टमाटर मूली गाजर प्याज चुकंदर का सेवन करें। ग्रीष्म ऋतु में अतिसार या दस्त होने पर जीरा अजवाइन काला नमक का पाउडर ढेड चम्मच पानी में मिलाकर सेवन करें। रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने के लिए च्यवनप्राश का सेवन लाभदायक है। रोग प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

# सियाल इंटरनेशनल स्कूल में समर एडवेंचर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।




सियाल इंटरनेशनल स्कूल में 5 से 11 मई तक आयोजित समर ब्लूम कैंप कैम्पिंग एडवेंचर का समापन किया गया। यह सात दिवसीय शिविर विद्यार्थियों के लिए सीखने, मनोरंजन और आत्मविकास का एक सुनहरा अवसर रहा। इस समर कैंप की विशेषता यह रही कि इसमें अधिकतम एडवेंचरस गतिविधियाँ कराई गईं। कैंप के दौरान जॉर्बिंग रोलर, जॉर्बिंग बॉल फाइट, पूल पार्टी, आर्चरी, आर्ट एंड क्राफ्ट, राइफल शूटिंग, मार्शल आर्ट, योगा, स्पाइडर नेट क्लाइंबिंग, जिपलाइन, बर्मा ब्रिज, टेंट पिचिंग और नाइट कैंपिंग जैसी कई साहसिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन रोमांचक गतिविधियों ने बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सहयोग की भावना का विकास किया। इस समर कैंप की एक और विशेषता यह रही कि इसमें नरसिंहपुर जिले के अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया, जिससे शिविर में विविधता और सहभागिता की भावना और भी प्रबल हुई। इसके अतिरिक्त, समर एडवेंचर कैंप के दौरान एक दिन बच्चों के माता-पिता को भी आमंत्रित किया गया, जहाँ उनके लिए भी एडवेंचरस गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

# 25 मई से शुरू होगा नौतपा, झेलना पड़ेगा गर्मी का सितम

**हरिभूमि न्यूज, कोतमा।** सूरज ने अभी से आग उगलना शुरू कर दिया है और अभी तो नौतपा लगना बाकी है। नौतपा 25 मई से लग रहा है। ज्येष्ठ मास के ये 9 दिन सबसे गरम होते हैं। इन 9 दिनों में गर्मी अपने चरम पर होगी। नौतपा का आरंभ 25 मई से होगा और यह 8 जून को समाप्त होगा। यह अवधि 15 दिन की होगी और इसमें शुरू के 9 दिन गर्मी सबसे अधिक होती है, इसलिए इसे नौतपा कहते हैं। नौतपा 9 दिन की वह अवधि होती है जब धरती का तापमान सबसे अधिक होता है। अबकी बार नौतपा 25 मई से शुरू होगा और 8 जून को समाप्त होगा। जिसमें से शुरू की 9 दिन की अवधि में सूरज की गर्मी झुलसा देने वाली होगी। पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो नौतपा की शुरुआत होती है और जब मृगशिरा नक्षत्र में आ जाता है तो नौतपा समाप्त होता है। ज्येष्ठ मास के इन 9 दिनों में भीषण गर्मी पड़ती है। इन 9 दिनों में लोगों को अपना और परिवार के सदस्यों का



विशेष ध्यान रखना चाहिए। जानकारों की मानें तो ये 9 दिन की अवधि में धरती सूर्य की ऊष्मा को अवशोशित करके बारिश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है।

### नौतपा की तिथि कब से कब तक

पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि नवग्रहों के राजा सूर्य 25 मई को सुबह 3 बजकर 27 मिनट पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। 15 दिन तक इस नक्षत्र में रहने के बाद सूर्य 8 जून को मृगशिरा नक्षत्र में चलें जायेंगे। कई हिस्सों में भीषण लू, तापमान में तीव्र वृद्धि और सूखे जैसे हालात लेकर आता है. अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुंच सकता है. दिन के साथ-साथ रातें भी गर्म रहती हैं, जिससे जनजीवन पर गहरा असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समय फसलों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, वहीं शहरी क्षेत्रों में बिजली और पानी की खपत तेजी से बढ़ जाती है। चिकित्सा विशेषज्ञ इस दौरान लोगों को धूप से बचने, अधिक पानी पीने और हल्का भोजन लेने की सलाह देते हैं। नौतपा के बाद मानसून की आहट शुरू होती है, इसलिए यह कालवेला मौसम परिवर्तन की पूर्व चेतावनी भी मानी जाती है। अतः इस नौतपा में सभी को सतर्क रहना होगा और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करना आवश्यक है।



### नगर में चोरियों का नहीं थम रहा सिलसिला

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर मे बढ़ती चोरी को लेकर नगर के व्यापारी, नागरिक दहशत में हैं। शनिवार रविवार की दरम्यानी रात वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला कल्याणपुर स्कूल के पास रहने वाले जुगनू बंसल पिता नरेंद्र के घर में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ते हुए घर में रखे दहेज के सामान पीतल फूल के कीमती बर्तन सहित घरेलू सामान की चोरी कर ले गए हैं। चोरी की जानकारी लगने पर फरियादी ने रविवार को मामले की शिकायत थाना में की। पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। विदित रहे कि हाल में ही बाजार क्षेत्र से एक ही दिन में दो मोटर साइकिल भी चोरी हो चुकी है। जिसका भी पुलिस अभी तक पता नही लगा पाई है।